आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 22.04.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ खोले गए केदारनाथ धाम के कपाट। बदरीनाथ धाम के कपाट कल खुलेंगे।
- शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियों को लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- आगामी एक मई से शुरू होने वाली आदि कैलाश यात्रा को लेकर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारियां।
- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा में संगोष्ठी के साथ ही पोस्टर, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**केदारनाथ कपाट**

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा धाम "हर–हर महादेव" और "जय श्री केदार" के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान हेलीकॉप्टर से मंदिर पर पुष्प वर्षा की गई। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की।

**प्रधानमंत्री/संदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से पांच संकल्पों का पालन करने का आग्रह किया है। इसमें स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण, सेवा और सहयोग की भावना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा यात्रा के नियमों का पालन करना शामिल हैं। आज केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर प्रधानमंत्री ने सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बाबा केदार के दर्शन सहित चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखंड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को सुविधा हो रही है।

**बदरीनाथ कपाट**

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट कल सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। आज योगध्यान बद्री मंदिर, पांडुकेश्वर में पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बाद भगवान बदरी विशाल की उत्सव डोली, आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, पवित्र गाडू घड़ा और रावल जी सहित उद्धव जी और कुबेर जी की डोलियां बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुईं। सेना के बैंड की मधुर और भक्तिपूर्ण धुनों, "जय बदरी विशाल" के जयकारों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह पवित्र यात्रा निकली। इस दौरान प्रमुख पड़ावों पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने डोलियों का क स्वागत किया गया तथा पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शासन–प्रशासन ने बदरीनाथ धाम की यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की हैं, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भाहरी विकास मंत्री

शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने आज हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री कैड़ा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कुंभ मेला 2027 को ऐतिहासिक बनाया जाए। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम कर रहे हैं, ताकि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और साधु–संतों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## दीक्षांत समारोह

वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का आज नवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विभिन्न स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं तथा मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में नव निर्मित छात्रावास "गंगा" का लोकार्पण भी किया।

## आदि कैलाश यात्रा

आगामी एक मई से शुरू होने वाली आदि कैलाश यात्रा को लेकर पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य, पेयजल, सुरक्षा और यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के सभी विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसके लिए हर स्तर पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस साल के लिए इनर लाइन परमिट के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया 28 अप्रैल से शुरू होगी, जिसके अंतर्गत श्रद्धालु पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। परमिट उपजिलाधिकारी, धारचूला कार्यालय के माध्यम से जारी किए जाएंगे।

## विश्व पृथ्वी दिवस

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज मानस खंड विज्ञान केंद्र अल्मोड़ा में संगोष्ठी के साथ ही पोस्टर, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। वक्ताओं ने विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों को पृथ्वी दिवस के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कक्षा सात के छात्र जय सिंह राठौर ने कहा कि हमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए योगदान देना चाहिए। वहीं, राजधानी देहरादून में भी पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को पृथ्वी के संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया।

## मादा गुलदार

बागेश्वर नगर क्षेत्र में बीते कुछ समय से दहशत का कारण बनी मादा गुलदार को आज तड़के बिलौना क्षेत्र से पिंजरे में कैद कर लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे ने बताया कि विभाग को लगातार गुलदार द्वारा मवेशियों को शिकार बनाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसको देखते हुए बिलौना क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया था।